पैरालम्पिक में भारत की धमाकेदार शुरूआत

भारत ने पहले दिन चार स्वर्ण सहित 11 पदक जीतकर दिखाया दम

नागोया। भारत ने सोमवार को यहां निशानेबाज मोना अग्रवाल और लंबी कूद के एथलीट निषाद कुमार जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से एशियाई पैरा खेलों में शानदार शुरुआत करते हुए चार स्वर्ण सहित कुल 11 पदक जीते भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद उन्होंने तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। भारत ने इस तरह पहले दिन कुल 11 पदक जीते जिनमें चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही देश पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। दिन की शुरुआत में ही मोना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में शानदार वापसी करते हुए हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के एशियाई पैरा



खेलों के रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पीछे छोड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अवनि के इस पदक से भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक के लिए दूसरा कोटा स्थान भी हासिल कर लिया। मोना ने पिछले महीने विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट (डब्ल्यूएसपीएस) चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर पहले ही एक कोटा स्थान हासिल कर लिया था। शाम का सत्र पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों के नाम रहा। दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता निषाद कुमार, मध्यम दूरी की धाविका सौम्या और भाला फेंक खिलाड़ी रिंकू ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। निषाद के लिए यह प्रदर्शन बेहद खास रहा क्योंकि वह अपने करियर में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय लंबी कूद स्पर्धा में हिस्सा ले रहे थे। छह साल की उम्र में घास काटने वाली मशीन से हुए हादसे में अपना दायां हाथ गंवाने वाले निषाद ने 7.11 मीटर की छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया। महिलाओं की 1500 मीटर टी12-टी13 स्पर्धा में दृष्टिबाधित सौम्या ने पांच मिनट 12.39 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। हमवतन राधा वेंकटेश ने पांच मिनट 30.90 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। दृष्टिबाधिता की सबसे गंभीर श्रेणी टी11 में भारत की रक्षनी वलासनैनी ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में मूल रूप से तीसरे स्थान पर रहने वाली रक्षिता राजू को कपड़ों, जूतों और बिब से जुड़े तकनीकी नियमों का पालन नहीं करने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

रोहित, जसकरण और चंद्रमोहन ने कांस्य पदक जीते

लास वेगास। रोहित, जसकरण सिंह और चंद्रमोहन ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने प्रतियोगिता का समापन छह पदकों के साथ किया रोहित ने 57 किग्रा रेपेशाज दौर में मोल्दोवा के इयोन बुलगारू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में आर्मेनिया के आर्मन हारुत्युनयान को 8-3 से शिकस्त दी। रोहित ने इससे पहले जमैका के इरी अलेक्जेंडर जैक्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।



जीशान के पंजे से उत्तर प्रदेश ने गोवा पर कसा शिकंजा

(आज खेल समाचार सेवा)



कानपुर। उत्तर प्रदेश ने कप्तान आर्यन जुयाल के नाबाद अर्धशतक की मदद से रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को गोवा के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 102 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 140 रन की हो गई है। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने गोवा को पहली पारी में 164 रन पर समेट दिया था। गोवा ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 43 रन से की, लेकिन लेग स्पिनर जीशान अंसारी (45 रन देकर पांच विकेट) ने पांच विकेट लेकर उत्तर प्रदेश को पहली पारी में 38 रन की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 202 रन पर सिमटने वाली उत्तर प्रदेश की टीम ने स्टंप तक दूसरी पारी में 38 ओवर में चार विकेट पर 102 रन बनाए। जुयाल 113 गेंद पर 60 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही। यश कसवांकर ने पारी के पहले ही ओवर में अभिषेक गोस्वामी और माधव कौशिक को बिना खाता खोले आउट कर दिया। इससे टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट हो गया। इसके बाद जुयाल और करण शर्मा (31) ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके उत्तर प्रदेश को मुश्किल से उबारा। दर्शन मिसाल ने करण शर्मा को आउट किया जबकि दिन के अंतिम चरण में अंसारी तीन रन बनाकर अभिनव तेजराना की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जुयाल ने एक छोर संभाले रखा और दिन का खेल समाप्त होने तक डटे रहे। दूसरे छोर पर कार्तिक यादव एक रन बनाकर खेल रहे थे। कसवांकर ने दो विकेट लिए जबकि मिसाल और तेजराना को एक-एक विकेट मिला इससे पहले गोवा ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 43 रन से की, लेकिन उसकी पूरी टीम पहली पारी में 164 रन पर आउट हो गई और उसे 38 रन की बढ़त गंवानी पड़ी शिवेंद्र भुजबल ने 98 गेंद पर 44 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक योगदान दिया।

जिम्बाब्वे का सफाया करने उतरेगी टीम इण्डिया

रायपुर। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी स्मृति मंधाना के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद भारत पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तब संकट में पड़ गया था जब उसने अपने चार विकेट 19 रन पर गंवा दिए थे। भारत हालांकि दीप्ति शर्मा और निक्की प्रसाद की अच्छी बल्लेबाजी से यह मैच जीतने में सफल रहा था। सीनियर अंतरराष्ट्रीय



मैच में पदार्पण पर 20 वर्षीय निक्की पहले मैच में 39 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने दूसरे मैच में सात रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह से अपनी ऑलराउंड क्षमता का अच्छा नमूना पेश किया। दूसरे मैच में मंधाना ने 25 गेंदों पर नाबाद 47 रन जबकि शेफाली वर्मा ने केवल 25 गेंदों पर 55 रन बनाए। इससे भारत ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत हासिल कर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

पोवार और ओझा चयन समिति में शामिल

बेंगलुरु। भारत के पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को सोमवार को राष्ट्रीय पुरुष सीनियर चयन समिति में शामिल किया गया जबकि प्रज्ञान ओझा पैनल के अध्यक्ष बने रहेंगे। ओझा ने अजित अगरकर की जगह ली है जिनका कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त हो गया था भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि अंतरिम प्रमुख ओझा वरिष्ठता (टेस्ट मैच की संख्या) के आधार पर समिति की अध्यक्षता करेंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, पूर्व भारतीय बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की सदस्यता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने सर्वसम्मति से पोवार की नियुक्ति की सिफारिश की। पुरुष चयन समिति- प्रज्ञान ओझा (अध्यक्ष), शिव सुंदर दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और रमेश पोवार। अगकर का कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त हुआ था, जिसके बा प्रज्ञान ओझा और रमेश पवार को पुरुष चयन समिति में शामिल किया है।

सुतार ने रचा इतिहास, ठोका 400 रन



सोविमा (नागालैंड)। मिजोरम के चिन्मय सुतार ने सोमवार को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुतार ने यह दुर्लभ उपलब्धि यहां नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और सात छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की। जब सुतार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुतार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 1994 में वारविकशर की तरफ से खेलते हुए डरहम के खिलाफ नाबाद 501 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 या इससे अधिक रन बनाने वाले अन्य बल्लेबाजों में हनीफ मोहम्मद (1959 में कराची के लिए 499 रन), डॉन ब्रैडमैन (1930 में न्यू साउथ वेल्स के लिए नाबाद 452 रन), बिल पोंसफोर्ड (1923 में विक्टोरिया के लिए 429 बनाए थे।

सिंधू की नजर फ्रेंच ओपन पर



पेरिस। अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताह डेनमार्क ओपन में भी सिंधू पहले दौर में ही जर्मनी की यवोन ली से हार गई थी और उन्हें यंग को चुनौती देने के लिए अपने खेल का स्तर काफी बढ़ाना होगा। लक्ष्य पीठ की चोट से उबरकर नाराओका को हराने और एशियाई खेलों की पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सफल रहे थे, लेकिन उसके बाद से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा।

एमबाप्पे ने दिलाई रियाल मैड्रिड को जीत



मैड्रिड। काइलियन एमबाप्पे ने दो गोल करके रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में आसान जीत दिलाई जबकि डिएगो गोमेज ने प्रीमियर लीग में 50 मीटर की दूरी से गोल करके डेविड बैकहम की याद ताजा कर दी। एमबाप्पे ने एक शानदार गोल किया और पेनल्टी किक को गोल में बदला जिससे रियाल मैड्रिड ने विनीसियस जूनियर के निलंबन के कारण बाहर होने के बावजूद सेविला को 4-1 से हरा दिया। रियाल मैड्रिड इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड और शीर्ष स्थान पर मौजूद बार्सिलोना के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में ब्राइटन की क्रिस्टल पैलेस पर 5-0 की जीत में गोमेज़ ने मैदान के बीच से शॉट लगाकर गोल किया जबकि आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया। गोमेज ने सातवें मिनट में 50 मीटर की दूरी से शॉट लगाकर गेंद को क्रिस्टल पैलेस के गोलकीपर वाल्टर बेनिटेज़ के ऊपर से नेट में पहुंचा दिया। पैराग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के इस शॉट ने 1996-97 के प्रीमियर लीग सत्र के पहले दिन बैकहम के मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से विंबलडन के खिलाफ किए गए।

शास्त्री बोले- टेस्ट मैचों पर ध्यान लगायें बुमराह



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने बुमराह के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जसप्रीत बुमराह को अगले साल के अंत में होने वाले वर्ल्ड कप तक तीनों फॉर्मेट नहीं खेलना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलें। वनडे और टी-20 में उन्हें कभी-कभार ही उतारा जाए, ताकि वह चोट से बच सकें। बुमराह न्यूजीलैंड दौरे से कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं वे कीवियों के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेंगे यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। पिछले 24 महीनों में भुवनेश्वर कुमार ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसके बाद भारतीय टीम में उनका चयन स्वाभाविक था। शास्त्री ने इसे 'नो-ब्रेनर' बताया। उन्होंने कहा, 'अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। इसे बाजार से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता। आईपीएल में उन्होंने जिस तरह का फॉर्म दिखाया, उसके आधार पर वह न्यूजीलैंड की परिस्थितियों के लिए आदर्श होंगे। शास्त्री ने आक्रामक बल्लेबाज ऋ षभ पंत को समझदारी से खेलने और मैच की स्थिति पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'मैंने ऋषभ पंत को कभी कोई संदेश नहीं दिया। मैं उनसे सिर्फ समझदारी से खेलने को कहता हूं। उन्हें किसी के लिए अपना खेल बदलने की जरूरत नहीं है।

शरीफ का हरफनमौला खेल

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शरीफ (3 विकेट, नाबाद 58 रन) के आलराउंड खेल से लकी आटोमोबाइल ने पांचवीं अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्मैश क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया। एनआर स्टेडियम पर खेले गए मैच में स्मैश क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 153 रन का स्कोर बनाया। नरिंदर जीत ने 28 गेंदों पर 3 चौके व 2 छक्के की सहायता से सर्वाधिक 43 रन बनाए। गौरव ने 35 व भूपिंदर संधू ने 29 रन जोड़े। लकी आटोमोबाइल से मोहम्मद शरीफ को तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में लकी आटोमोबाइल ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। जीत में जीशान अजहर ने 41 गेंदों पर तीन चौके से 51 रन व मोहम्मद शरीफ ने 30 गेंदों पर 5 चौके व दो छक्के से नाबाद 58 रन की अर्धशतकीय पारियां खेली। वहीं अब्दुल ने 16 व कैद जोहर ने 15 रन का योगदान किया।



